# एसआरयू वर्ल्ड

## मासिक समाचार पत्रिका



वर्ष -2 | अंक - 16 | माह - अप्रैल 2024


## एस. आर. यू में विधि विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन







श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान से विधि विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्येश "नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में संवैधानिक सर्वोच्चता के महत्व को स्पष्ट करना, संवैधानिक अधिकारों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए तंत्र का पता लगाना और छात्रों के बीच नागरिक और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए जागरूकता और वकालत को बढ़ावा देना" था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर विधि विभाग की एचओडी डॉ.श्रद्धा पांडे के स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रारंभ हुई। मंचासीन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा और मुख्य वक्ता श्री प्रवीण मिश्रा, माननीय वरिष्ट न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर ने अपने विचार व्यक्त किये । मुख्य भाषण श्री प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सहायता सेवा, रायपुर द्वारा दिया गया। उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और संविधान की सर्वोच्चता, न्यायपालिका की सर्वोच्चता और अधिकार और कर्तव्यों के कार्यान्वयन के बारे में बात की। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से भी बातचीत की। माननीय कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने समाज के प्रति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रविशंकर जी महाराज के शिक्षा के माध्यम से सेवा का दृष्टिकोण देना और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी अपने विचार व्यक्त किये। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने महात्मा बुद्ध के उदाहरण के माध्यम से उच्च नैतिक मूल्यों के बारे में बताया और छात्रों को राष्ट्र और समाज के प्रति मौलिक कर्तव्यों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है की श्री प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला कानूनी सहायता सेवा, रायपुर और श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में डीएलएसए के कानूनी सलाहकार/पैरा लीगल स्वयंसेवक ने स्कूल ऑफ लॉ के 100 से अधिक छात्रों को इंटर्नशिप प्राप्त हुई है , जिसके लिए स्कूल ऑफ लॉ, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने डीएलएसए, रायपुर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सहायक प्रोफेसर श्री अभिषेक कुमार मिश्रा ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रसादी और शॉल, श्री फल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर रेवती रमण चन्द्र द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री अभिषेक कुमार मिश्रा ने दिया सी.एल.पटेल प्रिंसिपल स्कूल ऑफ लॉ, संतोषी साहू सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ, अंकिता ठाकुर सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ और शालिनी कुर्मी सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ भी उपस्थित थे।

# माननीय मुख्यमंत्री का श्री रावतपुरा सरकार आश्रम रायपुर में आगमन

**श्री रावतपुरा सरकार आश्रम परिसर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अनंत श्री विभूषित रविशंकर जी महाराज से राज्य की खुशहाली हेतु प्राप्त किया आशीर्वाद**



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित श्री रावतपुरा सरकार आश्रम में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज से सौजन्य भेंट की। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री बनने के उपरांत यह श्री विष्णुदेव साय जी की महाराज श्री से प्रथम भेंट है। सनातन परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चारण के मध्य महाराजश्री ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत किया। माननीय मुख्यमंत्री ने श्री रविशंकर जी महाराज को नमन कर पुष्पमाला भेंट कर उनका आदरपूर्वक अभिनंदन किया। माननीय मुख्यमंत्री की यह सौजन्य भेंट लगभग तीस मिनट तक चली, जिसमें महाराज श्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री महोदय के मध्य सामाजिक समरसता एवं छत्तीसगढ़ राज्य के तीन करोड़ जनता की खुशहाली एवं लोक कल्याण हेतु मुख्यमंत्री महोदय ने महाराज श्री से आशीर्वाद लिया।

# एस. आर. यू में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन कर एकेडमिक डीन प्रोफेसर डॉ. आर आर आर बिराली के स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रारंभ हुई। मंचासीन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा , उप कुलसचिव मनोज सिंह और मुख्य वक्ता इंजीनियर पी.के. निर्मोनकर रायपुर ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला का मुख्य उद्देश बच्चो में उद्यमिता और उसके विकास के बारे में अवगत काराना था ,भविष्य में उद्यमिता के महत्त्व और उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया,छात्रों को उद्यमिता के नए आयाम और उसके क्रम को विभिन्न प्रकार के उदाहरण के माध्यम से बताया गया,एक दीवासीय इस कार्यशाला में यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं ने उद्यमिता के बारीकियों को जाना और समझा तथा अपने अलग अलग प्रश्न के उत्तर मुख्य वक्ता के माध्यम से प्राप्त किये। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जीवंत उदाहरण के माध्यम से उच्च नैतिक मूल्यों के बारे में बताया और छात्रों को राष्ट्र और समाज के प्रति मौलिक कर्तव्यों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथलेश सिंह हेड ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रसादी और शॉल, श्री फल द्वारा सम्मानित किया ।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर लीना सिंह और हंसा झा द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिथलेश सिंह ने दिया एवं फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग सभी सहायक प्रोफेसर, लैब सहायक भी उपस्थित थे।



## लाइब्रेरी साइंस विभाग के सचिन दीवान का "श्री रावतपुरा सरकार एजुकेशनल इनिशिएटिव : इम्पॉवरिंग कम्युनिटीज एंड फास्टरिंग होलिस्टिक डेवलपमेंट इन सेंट्रल इंडिया" पर प्रकाशित हुआ शोध पत्र...



श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी एवं सूचना विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं लाइब्रेरियन श्री सचिन दीवान का शोध पत्र ₹श्री रावतपुरा सरकार एजुकेशनल इनिशिएटिव : इम्पॉवरिंग कम्युनिटीज एंड फास्टरिंग होलिस्टिक डेवलपमेंट इन सेंट्रल इंडिया₹ का प्रकाशन ₹अमोघवार्ता ₹ अंतराष्ट्रीय मल्टीडिप्लीनरी डबल पीयर-रिव्यू जर्नल में हुआ जिसका इम्पैक्ट फैक्टर 5.062 है। प्रस्तुत शोध पत्र श्री रावतपुरा सरकार महाराज जी का मध्य भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान और सभी वर्ग के लिए शिक्षा में उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट प्रयास और शैक्षिक पहल भारत में समग्र विकास और सामाजिक परिवर्तन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता सभी समुदायों की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर, मूल्य-आधारित शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देकर, श्री रावतपुरा सरकार ने व्यक्तियों, समुदायों और समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव, साथ ही श्री रावतपुरा सरकार महाराज जी द्वारा मौजूदा चुनौतियों पर काबू पाने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों पर आधारित है। यह शोध पत्र ऑनलाइन वेब पेज https://amoghvarta.com/current-issue.php पर उपलब्ध है।

---

## यूनिवर्सिटी के छात्र अमृतसर और मनाली के अज्ञात स्थलों की शैक्षिक यात्राओं पर निकले...



शैक्षणिक यात्राएं कई उद्देश्यों को पूरा करती हैं, जिनमें कक्षा में सीखने को बढ़ाना, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना और छात्रों को वास्तविक जीवन की स्थितियों से परिचित कराना शामिल है। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विज्ञान विभाग के छात्रों ने विज्ञान संकाय की डीन डॉ.अनुभूति कोशले की जिम्मेदारी के तहत 12 अप्रैल को अमृतसर और मनाली की यात्रा शुरू की, जिसमें छात्रों को अमृतसर के दिलचस्प बिंदुओं को स्वर्णिम रूप में जानने का अनुभव प्राप्त हुआ। अमृतसर के गोल्डन टेम्पल में छात्रों ने दुनिया की सबसे बड़ी सामुदायिक रसोई की प्रक्रिया देखी और जलियांवाला बाग हत्याकांड के इतिहास और तथ्यों को जाना और अटारी बॉर्डर में बीटिंग द रिट्रीट समारोह का भी आनंद लिया । इसके बाद, मनाली, जो हिमाचल प्रदेश का सबसे आकर्षक हिस्सा है, छात्रों ने हिडिंबा देवी मंदिर, ऋषि वशिष्ठ आश्रम का दौरा किया और ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। इस 8 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के संयोजक के रूप में डॉ. हितेश देवांगन एवं श्रीमती मिशा मार्टिन ने भी विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के साथ भ्रमण किया



## "छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. सुखदेवे ने किए विचार व्यक्त...




श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विषय ₹छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर₹ पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. सुखदेवे (सामाजिक कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद के अध्यक्ष एवं संपादक 'तथागत' मासिक पत्रिका, रायपुर) ने विद्यार्थियों से छत्तीसगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के वषय में विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किये। कार्य्रक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्राप्त विभिन्न विषयों में शिक्षा, समाज कल्याण और राष्ट्र की उन्नति के लिए किये गए अथक प्रयासों से प्रेरणा प्राप्त कर उनके शीर्ष नेतृत्व के मार्ग में चलने की बात कही। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा अपने वक्तव्य में कहा कि आंबेडकर एक महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं अर्थशास्त्री थे। उन्हें किताबों से अधिक मोह था, उनका स्वयं का निजी पुस्तकालय था, जिसमें 50,000 से अधिक किताबें थी। उन्होंने कई विषयों में डिग्रीयाँ हासिल की, जिसमें मुख्य रूप से कोलंबिया यूनिवर्सिटी तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से पीएचडी हासिल शामिल है "रुपये की समस्या" जैसे विषयों पर उन्होंने शोध कार्य किया। और आज़ादी के बाद उसी शोध पर रिजर्व बैंक स्थापित हुआ। अपने विचार व्यक्त करते हुए, मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. सुखदेवे जी ने बताया कि आंबेडकर एक समाज सुधारक के रूप में हमारे समक्ष आते हैं। इनकी शिक्षा, कानून और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अभूपूर्व योगदान रहा है। आंबेडकर जी ने पुरुष एवं महिलाओं में समानता की बात की। हिंदु कोड बिल, श्रम कानून जैसे महत्वपूर्ण कानून लाये, जिसके परिणाम स्वरूप श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हुए। महिलाओं को बराबरी का हक मिला। अंबेडकर जी का छत्तीसगढ़ से भी संस्मरण जुड़ा हुआ है। इस महत्वपूर्ण आयोजन का संचालन 'समाज कार्य' के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश गौतम ने किया। आभार ज्ञापन 'राजनीति विज्ञान विभाग' के असोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष पांडे ने किया है। इस आयोजन के सहयोगी श्री योगमय प्रधान की महावपूर्ण भूमिका रही है। विश्वविद्यालय के समय शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। आयोजन के अंत में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शपथ पत्र के माध्यम से यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ मेम्बेर्स को आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी सहभागिता की शपथ भी दिलाई गई।



## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय द्वारा अडानी पावर उद्योग का किया गया औद्योगिक भ्रमण...



प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय द्वारा औद्योगिक भ्रमण का आयोजन 18 अप्रैल 2024 तिल्दा स्थित अडानी पावर उद्योग में किया गया,इस भ्रमण का उद्देश्य एमबीए,बीबीए, बीकॉम के विद्यार्थियों को प्रोडक्शन ओप्रेसशन्स मैनेजमेंट,कंट्रोल सिस्टम मैनेजमेंट,स्मूथ फंक्शनिंग इन क्रिटीकल कंडीशन से संबधित संचालन और प्रक्रियाओं से परिचित कराना था। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन में इनिशियल लेवल की प्लानिंग, एक्जयुकुशन फंक्शनिंग के महत्त्व को समझा उत्पादन और सेफ्टी पैरामीटर के बारे में जानकारी प्राप्त की। हाइली टेक्निकल अपग्रेडेड सिस्टम में आये बदलाव मैनेजमेंट के डिफरेंट लेवल में कार्यो का संचालन और उनमें ग्राउंड लेवल पर आए बदलाव की जानकारी प्राप्त कर वर्तमान में उनके इंप्लीमेंटेशन को जाना और समझा। इस औद्योगिक भ्रमण में प्रबंधन विभाग से श्री आकाश शर्मा और वाणिज्य विभाग से सुश्री स्तुति बालाधरे ने औद्योगिक भ्रमण में डिफ्रेंट लेवल ऑफ़ मैनेजमेंट फंक्शन और ग्राउंड लेवल प्रोडक्शन ऑपरेशन्स मैनेजमेंट से संबंधित स्मूथ फंक्शन प्रक्रियाओं की बारीकियों से अध्ययन किया।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के समाजविज्ञान संकाय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा वृद्धाश्रम का किया गया शैक्षणिक भ्रमण

समाजविज्ञान संकाय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा26 अप्रैल 2024 को वृद्धाश्रम का किया गया शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में किया गया,इस भ्रमण का उद्देश्य समाज विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा वृद्धाश्रम भ्रमण का उद्देश्य वृद्ध लोगों के साथ समय बिताकर उनके साथ बातचीत करना, उनकी समस्याओं को सुनना, उनके जीवन की अनुभूतियों से सीखना और उन्हें अपने समाज के हित में सहायता प्रदान करना था। यह छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का अनुभव प्रदान करना ।वृद्धाश्रम के भ्रमण से, छात्रों की संवेदनशीलता विकसित हुई जिससे वे समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों के साथ सहयोग और समर्थन की महत्वपूर्णता को समझे ।शिक्षको ने बताया की वृद्धाश्रम के भ्रमण से छात्र अनुभव प्राप्त करते है और उन्हें वृद्ध लोगों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी सामाजिक संवादना और समझ में सुधार होता है। वृद्धाश्रम



भ्रमण में समाज शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ..अंजली यादव, डॉ. अर्चना टुपट तथा सामाजिक कार्य विभाग के डॉ. नरेश गौतम शामिल रहे । यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एस.के सिंह ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक भ्रमण से प्राप्त किये ज्ञान को अपनी कार्यशैली में जोड़ने पर बल दिया एवं कुलसचिव डॉ .सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक भ्रमण आदि के माध्यम से अनवरत सिखने की प्रेरणा दी।

## डी फार्मेसी के छात्रों ने पारले निर्माता कंपनी और विज्ञान केंद्र का किया औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण





यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग ने डी फार्मेसी प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया जो फार्मेसी शिक्षा का एक विषय है जिसमे छात्रों को रायपुर स्थित पारले निर्माता कंपनी और विज्ञान केंद्र (साइंस सिटी) के आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया गया। छात्रों ने पारले बिस्कुट निर्मित प्रक्रिया से मुख्यता क्वालिटी कंट्रोल से सम्बंधित अवयव को जाना और रॉ मटेरियल से लेकर फिनिश प्रोडक्ट के प्रिपरेशन प्रोसेस की प्रक्रिया को समझा जिसमे उपयोग में आने वाले उपयोगी सामग्री जैसे स्वीट, कलरिंग एवं फ्लेवर एजेंट्स। छात्रों ने प्रोडक्शन प्लांट में उपयोग में आने वाली मैन्युफैक्चरिंग मशीन जैसे पैकेजिंग मशीन, हिजिनिंग , आटोमेटिक ग्रेडिएंट मिक्सचर मशीन और अन्य मशीनों की कार्य छमता को विस्तार पूर्वक समझा। औद्योगिक भ्रमण फार्मेसी विभाग के सहायक प्रोफेसर नागेन्द्र भुवाने,विवेक कुमार प्रधान, आरती महतो के मार्गदर्शन में हुआ । यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एस.के सिंह और कुलसचिव डॉ .सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण से प्राप्त व्यवहारिक ज्ञान को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ अनवरत सिखने की प्रेरणा दी।

---

## एस. आर यू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों और स्टाफ मेम्बेर्स को कुलसचिव ने दिलाई शपथ...

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में ''मतदान में युवाओं की भूमिका'' विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रोफेसर एस.के सिंह ने कहा कि चुनाव में युवाओं की भूमिका मतदान तक सीमित नहीं है। युवाओं को न केवल अपने बहुमूल्य मत का उपयोग करना चाहिए बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना चाहिए। प्रो. सिंह अपने व्यक्तव्य साझा करते हुए कहा कि देश अभी अपने 75वें स्वतंत्रता वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृतकाल मना रहा है और 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने को संकल्पित है। ऐसे में युवा देश में सरकार बनाने की प्रक्रिया में वोट देकर अपना अमूल्य योगदान दें क्यूंकि लोकतंत्र में मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। प्रथम बार वोट करने वाले युवाओं को भी लोगों को मतदान करने में सहयोग करने आगे आना चाहिए।



मुख्या वक्ता समाजसेवी जगदीश पटेल ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो चुका है। अभी तक हुए मतदान में वोटिंग प्रतिशत कम रहा है जो कि चिंताजनक है। आगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने युवाओं को योगदान देना चाहिए। श्री पटेल ने बताया कि हमारे देश में 15 से 29 वर्ष के युवाओं की संख्या 37 करोड़ जो विश्व में सबसे अधिक है। राजनीति युवाओं का भी विषय है। युवाओं को राजनीति और समाज में अपनी भूमिका

तय करनी चाहिए। वे खुद के साथ परिवार और समाज को भी वोटिंग करने को प्रेरित करना चाहिए। श्री पटेल ने यह भी कहा कि दो हजार वर्ष पहले हमारा भारत देश आर्थिक, कृषि, शिक्षा, दर्शन इत्यादि स्तरों पर उच्च स्थान रखता था पर बाद के दौर में बाहरी आक्रांताओं के कारण हर क्षेत्र में गिरावट आ गई। श्री पटेल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे देश में तेजी से परिवर्तन आया है। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व मे 11वें नंबर पर थी जो अब पांचवे स्थान पर आ गई है। हम कुछ ही वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भी अग्रसर हैं। युवाओं को सभी क्षेत्र में योगदान देने आगे आना चाहिए। अपने आभार प्रदर्शन उद्बोधन में एस.आर.यू के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि



आपके मत से देश का भविष्य तय होता है। विवि के सभी युवा वोट देकर लोकतंत्र के पर्व में पुण्य कमाएं। डॉ. शर्मा ने बताया कि आज मतदान से संबंधित सारी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है। आपके एक वोट से गरीब के घर में दिया जलने में मदद मिलेगी। साथ ही देश स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था इत्यादि के क्षेत्र में विकास करेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों और कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वच्छ मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। छात्र अधिष्ठाता डॉ. सत्यज तिवारी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन का संचालन डॉ. राधिका चंद्राकर ने किया।

## फार्मेसी विभाग द्वारा न्यू स्टूडेंट्स के स्वागत के लिए फ्रेशेर्स पार्टी का आयोजन ....

**जूनियर और सीनियर ने मंच के माध्यम से दिया अपना परिचय मिस्टर फ्रेशर दिव्यांश और मिस फ्रेशर बनी श्रेया**





श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग के न्यू स्टूडेंट्स के स्वागत के लिए फ्रेशेर्स समारोह "ओस्लावा" का आयोजन किया गया। समारोह में मंचासीन वि.वि के कुलपति प्रोफेसर एस.के सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, फार्मेसी के प्राध्यापक प्रो. विजय कुमार सिंह और उप-कुलसचिव ने फार्मेसी विभाग द्वार आयोजित समारोह की सराहना की और नए स्टूडेंट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में स्वागत उद्बोधन में प्राध्यापक प्रो. विजय कुमार सिंह ने न्यू विद्यार्थियों को अपने शब्दों से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगामी यूनिवर्सिटी के शिक्षा प्राप्ति के 4 वर्ष की मेहनत आपके जीवन के 40 वर्ष का निर्धारन करेगी और इन 4 वर्ष में शिक्षक के साथ आपको अपने सीनियर्स से भी बहुत कुछ सिखने को मिलेगा। माननीय कुलपति प्रो. एस. के सिंह ने फार्मेसी विभाग द्वारा नए आने वाले छात्रों के लिए

पहली बार इस प्रकार के आयोजन की शुभकामनाए देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय जीवन में प्रवेश कर रहे हैं, यह स्वयं की खोज और प्रभाव की यात्रा की शुरुआत है और सबसे महत्वपूर्ण अपनी स्वयं की क्षमता की खोज है जो विद्यार्थीयों को जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने में शक्षम बनाएगी। एस.आर.यू. के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से जीवन में सफलता को प्राप्त करने हेतु समर्पण, सीमांतर,अनुशासन और निर्धारण का विस्तार पूर्वक निर्वहन करने की बात कही और सभी नवीनतम विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी में स्वागत कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी।



फ्रेशेर्स पार्टी में सभी विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति एवं कुलसचिव द्वार दिए गए उपदेशो को हमेसा निर्वहन करने को स्वीकार और मंच के माध्यम से नए और पुराने छात्रों ने परिचय के माध्यम से एक दूसरे के साथ आपसी तालमेल, भाई-चारा और स्नेह का परिचय दिया। नए विद्यार्थियों ने बॉलीवुड मिक्स और छत्तीसगढ़ी गानों में किया डांस और अनेक प्रकार के गेम्स में जीते अनेक पुरुस्कार और सेल्फी जोन में सभी ने सीनियर्स और शिक्षकों के साथ कैप्चर किये स्पेशल मोमेंट्स।

## सामुदायिक प्रभाव और कानूनी जागरूकता के लिए एसआरयू ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया...

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) रायपुर के बीच कानूनी शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम, कानूनी अनुसंधान और प्रकाशन, कानूनी सहायता और जागरूकता कार्यक्रम, वकालत के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश नीति सुधार और विश्वविद्यालय के कानून के छात्रों के लिए कानूनी ज्ञान जागरूकता को बढ़ावा देना है। सहयोग का मुख्य उद्देश्य यह है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को समुदाय में न्याय, कानूनी जागरूकता और कानूनी सहायता तक पहुंच को बढ़ावा देना एवं विभिन्न कानूनी गतिविधियों में संयुक्त रूप से काम करना है।एमओयू पर श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के अधिकृत गरिमा डॉ. सौरभ के शर्मा रजिस्ट्रार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) रायपुर (सी.जी.) के सचिव श्री प्रवीण मिश्रा के तहत हस्ताक्षर किए गए और गवाह के रूप में समझौते का निष्पादन विधि विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री अभिषेक मिश्रा एवं पैरालीगल वालंटियर आशुतोष तिवारी ने किया। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर श्री हर्ष गौतम और कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने एसआरयू के छात्रों के लाभ के लिए किए गए एक और सकारात्मक समझौते के लिए बधाई दी।




**सम्पादकीय समिति**

**प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री हर्ष गौतम** | **प्रो. एस. के. सिंह** | **डॉ. सौरभ कुमार शर्मा** |
| प्रति - कुलाधिपति | कुलपति | कुलसचिव |
| प्रधान संपादक | संपादक | ग्राफिक्स डिज़ाइन |
| **राजेश तिवारी** | **शुभम नामदेव** | **दिनेश कुमार सिन्हा** |